# कटक में 23 हजार लीटर नकली इंजन आयल जब्त, एक हिरासत में

Publish Date:Mon, 08 Oct 2018 03:33 PM (IST)

जासं, कटक : नगर के जगतपुर थाना अंतर्गत भइरीपुर इलाके में पुलिस ने छापामारी कर 23 हजार लीटर से अधिक नकली इंजन आयल जब्त कर बाबाजी साहू नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। रविवार अपराह्न के समय जगतपुर पुलिस द्वारा अलग-अलग तीन गोदामों में एक साथ की गई छापेमारी में भारी मात्रा में मिलावटी सामान, नामी कंपनियों के स्टीकर तथा तेल भरने वाले जार हाथ लगे हैं। हालांकि इस कारोबार का मुख्य सरगना पुलिस से बच निकलने में कामयाब हो गया। जगतपुर थाना अधिकारी बिरंचि नारायण पति की अगुवाई में हुई इस कार्रवाई के दौरान जोन एसपी त्रिनाथ मिश्र भी मौके पर पहुंचे तथा पुलिस टीम को प्रोत्साहित किया।

पुलिस के अनुसार, पिछले कुछ सालों से यह काला कारोबार भइरपुर इलाके में चल रहा था। ये कारोबारी भारी मात्रा में जला हुआ लुब्रीकेंट भुवनेश्वर से लाकर एकत्र करते थे और उस तेल को जार में भरने के बाद एक केमिकल का प्रयोग करते थे। बाद में सरसो तेल आदि मिलाकर मशीन के जरिए सील कर देते थे। यह असली आयल की तरह दिखता था। इसे वह कटक के साथ विभिन्न जिलों में भेजकर मोटी कमाई कर रहे थे।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/odisha/cuttack-forfieted-duplicate-ennine-oil-cuttuck-police-18512240.html